आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
भारत सरकार का उपक्रम- परमाणु ऊर्जा विभाग
(A Govt. of India Undertaking – Dept. of Atomic Energy)
प्लॉट नं.1207, वीर सावरकर मार्ग, सिद्धिविनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई-400028
Plot No.1207, Veer Savarkar Marg, Near Siddhivinayak Temple, Prabhadevi, Mumbai- 400028
CIN: U15100MH1950GOI008187

**विज्ञापन सं. CO/HRM/32/2025**

**नियमित आधार पर कार्यकारियों की नियुक्ति के लिए विस्तृत विज्ञापन**

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के एक मिनी रत्न श्रेणी-I का उपक्रम है, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में स्थित है और जो इल्मेनाइट, रुटाइल, जिरकॉन, सिल्मेनाइट, गार्नेट आदि का उत्पादन करने के लिए चवरा (केरल), मणवालकुरिच्चि (तमिलनाडु) और उड़ीसा सैंड कॉम्प्लेक्स (ऑसकॉम) (ओडिशा) में उसके परमाणु खनिज खनन और खनिज पृथक्करण संयंत्रों का प्रचालन कर रहा है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा में एक रेअर अर्थ्स एक्सट्रैक्शन प्लांट (आरईईपी) की स्थापना की है, जिसमें लगभग 11,000 टन रेअर अर्थ्स कॉन्सेंट्रेट का उत्पादन करने की क्षमता मौजूद है एवं रेअर अर्थ्स प्रभाग, अलुवा में स्वतंत्र रूप से रेअर अर्थ ऑक्साइड/कार्बोनेट्स का उत्पादन करने के लिए अलग से हाई प्योर रेअर अर्थ्स (एचपीआरई) प्लांट की स्थापना की गई है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा के गंजाम जिले में एक नया परमाणु खनिज खनन (मिनरल माइनिंग) एवं खनिज पृथक्करण संयंत्र (मिनरल सिपरेशन प्लांट) स्थापित करने के लिए ओडिशा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम, खनन एवं खनिज पृथक्करण के लिए तमिलनाडु मिनरल्स लिमिटेड (टीएएमआईएन) के साथ संयुक्त उद्यम तथा ओडिशा में टाइटेनियम स्लैग प्लांट की स्थापना के लिए यूकेटीएमपी जेएससी, कजाकिस्तान के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है। इसके अलावा, कंपनी की आगामी प्रतिष्ठित परियोजनाओं में भोपाल, मध्य प्रदेश में रेअर अर्थ्स एवं टाइटेनियम थीम पार्क परियोजना शामिल हैं।

विकास एवं परिवर्तन संबंधी चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए, आईआरईएल ऑनलाइन मोड के माध्यम से अपनी विभिन्न परियोजनाओं/इकाइयों/कार्यालयों के लिए निम्नलिखित पदों (नियमित) के लिए योग्य, प्रतिभाशाली, अनुभवी, ऊर्जावान और गतिशील भारतीय नागरिकों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | 20.03.2025 (14:00 घंटे) |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 10.04.2025 (14:00 घंटे) |

आवेदन करने के लिए यहाँ क्लिक करें: https://jobapply.in/IREL/2025/Executive/

**1.0 रिक्तियों/पदों का सारांश**

**सारणी-1**

| **वित्त** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **पद** | **ग्रेड/ वेतनमान सीटीसी (लगभग) प्रतिवर्ष** | **पदों की संख्या** | **प्रारंभिक तैनाती स्थान** |
| 1 | महाप्रबंधक (वित्त)<br><br>Click here for details | ई-7<br>100000-260000<br>रु.32.27 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| 2 | उप महाप्रबंधक (वित्त)<br><br>Click here for details | ई-6<br>90000-240000<br>रु.29.04 लाख | 1 | ऑसकॉम, ओडिशा |
| 3 | मुख्य प्रबंधक (वित्त)<br><br>Click here for details | ई-5<br>80000-220000<br>रु.25.81 लाख | 1 | ऑसकॉम, ओडिशा |
| 4 | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)<br><br>Click here for details | ई-4<br>70000-200000<br>रु.22.59 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| 5 | सहायक प्रबंधक (वित्त)<br><br>Click here for details | ई-1<br>40000-140000<br>रु.12.90 लाख | 2 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **मानव संसाधन प्रबंधन** | | | | |
| 1 | उप महाप्रबंधक (मा.सं.प्र.)<br>भूतपूर्व सैनिक<br><br>Click here for details | ई-6<br>90000-240000<br>रु.29.04 लाख | 1 | ऑसकॉम, ओडिशा |
| 2 | मुख्य प्रबंधक (मा.सं.प्र.)<br><br>Click here for details | ई-5<br>80000-220000<br>रु.25.81 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| 3 | सहायक प्रबंधक (मा.सं.प्र.)<br><br>Click here for details | ई-1<br>40000-140000<br>रु.12.90 लाख | 1 | आरईडी, अलुवा |
| **राजभाषा** | | | | |
| 1 | सहायक प्रबंधक (राजभाषा)<br><br>Click here for details | ई-1<br>40000-140000<br>रु.12.90 लाख | 2 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई;<br>चवरा, केरल |
| **व्यवसाय विकास एवं विपणन** | | | | |
| 1 | उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास)<br><br>Click here for details | ई-6<br>90000-240000<br>रु.29.04 लाख | 1 | ऑसकॉम, ओडिशा |
| 2 | उप प्रबंधक (विपणन)<br><br>Click here for details | ई-2<br>50000-160000<br>रु.16.13 लाख | 2 | ऑसकॉम, ओडिशा;<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

| क्र. सं. | पद | ग्रेड/ वेतनमान सीटीसी (लगभग) प्रतिवर्ष | पदों की संख्या | प्रारंभिक तैनाती स्थान |
|---|---|---|---|---|
| **सिविल** | | | | |
| 1 | मुख्य प्रबंधक (सिविल)<br>Click here for details | ई-5<br>80000-220000<br>रु.25.81 लाख | 1 | ऑसकॉम, ओडिशा |
| 2 | प्रबंधक (सिविल)<br>Click here for details | ई-3<br>60000-180000<br>रु.19.36 लाख | 3 | ऑसकॉम, ओडिशा; चवरा, केरल; मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु |
| 3 | उप प्रबंधक (सिविल)<br>Click here for details | ई-2<br>50000-160000<br>रु.16.13 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| **तकनीकी** | | | | |
| **क्र. सं.** | **पद** | **ग्रेड/ वेतनमान सीटीसी (लगभग) प्रतिवर्ष** | **पदों की संख्या** | **प्रारंभिक तैनाती स्थान** |
| 1 | उप महाप्रबंधक (पर्यावरण, सामाजिक एवं सुशासन)<br>Click here for details | ई-6<br>90000-240000<br>रु.29.04 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| 2 | उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक/क्रय)<br>Click here for details | ई-6<br>90000-240000<br>रु.29.04 लाख | 1 | ऑसकॉम, ओडिशा |
| 3 | उप महाप्रबंधक (परियोजनाएँ)<br>Click here for details | ई-6<br>90000-240000<br>रु.29.04 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| 4 | मुख्य प्रबंधक (परियोजनाएँ)<br>Click here for details | ई-5<br>80000-220000<br>रु.25.81 लाख | 1 | कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई |
| 5 | मुख्य प्रबंधक (वाणिज्यिक/क्रय)<br>Click here for details | ई-5<br>80000-220000<br>रु.25.81 लाख | 1 | मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु |
| 6 | प्रबंधक (विद्युत)<br>Click here for details | ई-3<br>60000-180000<br>रु.19.36 लाख | 3 | 2- ऑसकॉम, ओडिशा<br>1- चवरा, केरल |
| 7 | प्रबंधक (यांत्रिक)<br>Click here for details | ई-3<br>60000-180000<br>रु.19.36 लाख | 1 | चवरा, केरल |
| 8 | उप प्रबंधक (खनिज)<br>Click here for details | ई-2<br>50000-160000<br>रु.16.13 लाख | 1 | मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु |

* सीटीसी को X–श्रेणी के शहर के रूप में लागू एचआरए के तहत दिखाया गया है और इसमें मेडिकल एवं पीआरपी शामिल नहीं है।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

**1.1 रिक्तियों/पदों का विवरण:**

**वित्त:** **सारणी-2**

| **पद का नाम<br>आयु सीमा** | **निर्धारित न्यूनतम योग्यता** | **न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव (वर्षों में)** | **कार्य विवरण:** |
|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (वित्त)<br>50 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए)/ कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए)<br>या<br>बी.कॉम और एमबीए (वित्त) या इसके समकक्ष। | वित्तीय प्रबंधन, कोषागार परिचालन, बजट, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखापरीक्षा, तथा प्रासंगिक उद्योगों में वित्तीय नियोजन आदि में 20 वर्ष का अनुभव। | • पदधारी को लेखापरीक्षा, बिक्री लेखांकन, लागत निर्धारण, परियोजना लेखांकन सहित लेखा को अंतिम रूप देने का काम करना होगा<br>• कोषागार प्रबंधन<br>• अतिरिक्त निधि का निवेश<br>• बिलों क प्रति समझौता/छूट<br>• लागत निर्धारण, परियोजना लेखांकन<br>• एमआईएस, बजटीय नियंत्रण<br>• प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कराधान<br>• आंतरिक लेखापरीक्षा और कॉर्पोरेट कराधान<br>• निविदा प्रक्रियाओं, कंप्यूटरीकृत खातों और जोखिम प्रबंधन संबंधी कार्य अनुभव वांछित है।<br><br>**नोट:** विभिन्न क्षेत्रों जैसे बैंकिंग परिचालन/वित्तीय लेखापरीक्षा/कॉर्पोरेट कराधान/ लागत निर्धारण/बजट निर्धारण/एमआईएस/ विदेशी मुद्रा प्रबंधन में कार्य अनुभव आवश्यक है। |
| उप महाप्रबंधक (वित्त)<br>46 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा | | वित्तीय प्रबंधन, कोषागार परिचालन, बजट, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखापरीक्षा, तथा प्रासंगिक उद्योगों में वित्तीय नियोजन आदि में 16 वर्षों का अनुभव। | |
| मुख्य प्रबंधक (वित्त)<br>42 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा | | वित्तीय प्रबंधन, कोषागार परिचालन, बजट, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखापरीक्षा, तथा प्रासंगिक उद्योगों में वित्तीय नियोजन आदि में 13 वर्षों का अनुभव। | |
| वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)<br>38 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | | प्रासंगिक उद्योगों में वित्तीय प्रबंधन, कोषागार परिचालन, बजट, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखापरीक्षा तथा वित्तीय नियोजन आदि में 10 वर्ष का अनुभव। | |
| सहायक प्रबंधक (वित्त)<br>28 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | | प्रासंगिक उद्योगों में वित्तीय प्रबंधन, कोषागार परिचालन, बजट, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखापरीक्षा तथा वित्तीय नियोजन आदि में 02 वर्ष का अनुभव। | |

**मानव संसाधन प्रबंधन:** **सारणी-2**

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव (वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक (मा.सं.प्र.)<br>भूतपूर्व सैनिक<br>46 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा | किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री और मानव संसाधन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध, संगठनात्मक विकास, मानव संसाधन विकास/श्रम कल्याण या इसके समकक्ष में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (एमबीए/एमए/एमएसडब्लू) /स्नातकोत्तर डिप्लोमा।<br><br>वांछित: विधिक में डिग्री, कंप्यूटर प्रवीणता। | भूतपूर्व सैनिकों के लिए सैन्य सेवा सहित 16 वर्ष का अनुभव। ऐसे भूतपूर्व सैनिक भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल और उससे ऊपर के पद पर/भारतीय नौसेना में कमांडर और उससे ऊपर के पद पर/भारतीय वायु सेना में विंग कमांडर और उससे ऊपर के पद पर या अर्धसैनिक बलों में उपर्युक्त पदों के समकक्ष होने चाहिए।<br><br>**नोट: योग्यता के बाद के अनुभव लागू नहीं होंगे।** | • पदधारी को इकाई में औद्योगिक संबंध, वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन, अनुबंध श्रम प्रबंधन सहित सभी मानव संसाधन प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यों को संभालना होगा।<br>• मानव संसाधन नीतियों का निर्माण और कार्यान्वयन, मानव संसाधन नियोजन, प्रदर्शन प्रबंधन, प्रशिक्षण और विकास, कल्याण।<br>• सामान्य प्रशासन आदि।<br>• संगठन में अधिक सृजनात्मक संस्कृति को विकसित करने हेतु कार्यसूची का सह-स्वामित्व करना।<br>• हितधारकों जैसे कि भूमि मालिकों, स्थानीय ग्रामीणों, स्थानीय प्रशासन, स्थानीय संघों आदि से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी ढंग से समन्वय करना।<br>• सुरक्षा, सीएसआर गतिविधियाँ, आदि। |
| मुख्य प्रबंधक (मा.सं.प्र.)<br>42 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री और मानव संसाधन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध, संगठनात्मक विकास, मानव संसाधन विकास/श्रम कल्याण या इसके समकक्ष में विशेषज्ञता के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (एमबीए/एमए/एमएसडब्लू) /स्नातकोत्तर डिप्लोमा।<br><br>वांछित: विधिक में डिग्री, कंप्यूटर प्रवीणता। | कार्यबल नियोजन, प्रतिभा प्रबंधन और कर्मचारी संलग्नता आदि जैसे रणनीतिक मानव संसाधन संबंधी कार्यों के निर्वहन में 13 वर्ष का अनुभव। | • पदधारी को इकाई में औद्योगिक संबंध, वैधानिक आवश्यकताओं का अनुपालन, अनुबंध श्रम प्रबंधन सहित सभी मानव संसाधन प्रबंधन और प्रशासनिक कार्यों को संभालना होगा।<br>• मानव संसाधन नीतियों का निर्माण और कार्यान्वयन, मानव संसाधन नियोजन, प्रदर्शन प्रबंधन, प्रशिक्षण और विकास, कल्याण।<br>• सामान्य प्रशासन आदि।<br>• संगठन में अधिक सृजनात्मक संस्कृति को विकसित करने हेतु कार्यसूची का सह-स्वामित्व करना।<br>• हितधारकों जैसे कि भूमि मालिकों, स्थानीय ग्रामीणों, स्थानीय प्रशासन, स्थानीय संघों आदि से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी ढंग से समन्वय करना।<br>• सुरक्षा, सीएसआर गतिविधियाँ, आदि। |
| सहायक प्रबंधक (मा.सं.प्र.)<br>28 वर्ष<br>आरईडी, अलुवा | | मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम), औद्योगिक संबंध (आईआर), या सामान्य मानव संसाधन कार्यों आदि में 02 वर्ष का अनुभव। | |

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

**राजभाषा:** **सारणी-2**

| पद का नाम आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव (वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| सहायक प्रबंधक (राजभाषा)<br>28 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई;<br>चवरा, केरल | डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में मास्टर डिग्री।<br>या<br>डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में मास्टर डिग्री। | केंद्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त निकायों/सांविधिक संगठनों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अंतर्गत तकनीकी और गैर-तकनीकी दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिंदी या इसके विपरीत अनुवाद में 02 वर्ष का योग्यता उपरांत अनुभव। | • दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिंदी में और इसके विपरीत अनुवाद करना।<br>• कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण सत्र, कार्यक्रम आयोजित करना और संदर्भ सामग्री तैयार करना।<br>• राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करना और कार्यसूची एवं कार्यवृत्त तैयार करना।<br>• राजभाषा के कार्यान्वयन पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार करना।<br>• अन्य विभागों के सभी प्रासंगिक कार्यों में राजभाषा का प्रयोग शामिल हो, इसे सुनिश्चित करना। |

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

**व्यवसाय विकास एवं विपणन:** **सारणी-2**

| पद का नाम आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव (वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास)<br>46 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक. या इसके समकक्ष तथा एम.बी.ए. या इसके समकक्ष। | व्यवसाय विस्तार या बाजार अनुसंधान या उत्पाद विकास एवं सुधार/ब्रांड स्थिति/ उत्पाद वितरण/वाणिज्यिक अनुबंधों सहित व्यवसाय विकास में पिछले 10 वर्षों के दौरान 16 वर्षों का संचित अनुभव | • पदधारी की कंपनी के व्यवसाय को आगे बढ़ाने, उसके राजस्व को बढ़ाने, नए व्यावसायिक अवसरों की पहचान करने व उन्हें विकसित करने, अनुसंधान और विकास गतिविधियों को व्यवस्थित करने, स्थानीय और वैश्विक बाजार लक्ष्यों में कंपनी की उपस्थिति का निर्माण एवं विस्तार करने की जिम्मेदारी होगी।<br>• बाजार की आवश्यकता का विश्लेषण करके नए व्यावसायिक अवसरों की पहचान करना, रणनीतिक योजनाएँ बनाना और दीर्घकालिक और अल्पकालिक व्यावसायिक विकासशील उद्देश्यो को निर्धारित करना। व्यावसायिक विकास के लिए लागत प्रभावी रणनीतियों को लागू करना।<br>• बिक्री और राजस्व बढ़ाने के लिए रणनीति विकसित करना।<br>• नए उत्पादों के लिए संभावित बाजारों की खोज करना और बाजार की बदलती मांगों के आधार पर व्यावसायिक रणनीति को अपनाना।<br>• संभावित निवेशकों और व्यावसायिक भागीदारों की पहचान करना और उनसे जुड़ना, और विलय व अधिग्रहण (एम एंड ए) के अवसरों की खोज करना और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से नए उद्योगों और बाजार में इसका विस्तार करना।<br>• कानूनी जोखिमों की पहचान करना और उन्हें कम करना। |
| उप प्रबंधक (विपणन)<br>32 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा; कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष।<br><br>वांछित: बिक्री/विपणन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए या इसके समकक्ष | संस्थागत बिक्री एवं विपणन, निर्यात और व्यापार/सेवाओं में 05 वर्ष का योग्यता उपरांत अनुभव आवश्यक है। खनिज व्यवसाय में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। | • भारी खनिजों की बिक्री और निर्यात।<br>• आदेशों के सुचारू निष्पादन के लिए आवश्यक वैधानिक मंजूरी।<br>• एमआईएस और दस्तावेज़ीकरण।<br>• संस्थागत बिक्री। |

**सिविल:** **सारणी-2**

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव (वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| मुख्य प्रबंधक (सिविल)<br>42 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा | इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री / सिविल में बी.ई/बी.टेक/बी.एससी इंजीनियरिंग या प्रासंगिक विषय में इसके समकक्ष | सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण और परियोजना प्रबंधन में 13 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव आवश्यक है, जो खनन, बुनियादी संरचना या भारी उद्योग क्षेत्र के संबंध में वांछित है। | पदधारी आईआरईएल के परिचालन स्थलों और परियोजनाओं में सिविल इंजीनियरिंग कार्यों की योजना बनाने, संरचित करने, कार्यान्वयन करने और रखरखाव करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पदधारी विनियामक मानकों, लागत-प्रभावशीलता और संगठनात्मक लक्ष्यों के पालन को बनाए रखते हुए कुशल परियोजना वितरण प्रणाली को सुनिश्चित करेगा।<br>• निर्माण परियोजनाओं के लिए संरचना, रेखाचित्र और विनिर्देशों की समीक्षा करना और उन्हें स्वीकृत करना।<br>• सुचारू परियोजना कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना और स्थल पर इंजीनियरिंग चुनौतियों का समाधान करना।<br>• निविदा और बोली प्रक्रियाओं के माध्यम से ठेकेदारों, विक्रेताओं और सलाहकारों का मूल्यांकन और चयन करना।<br>• निर्बाध परियोजना के निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक विभागों, बाहरी एजेंसियों और हितधारकों के साथ सहयोग प्रक्रिया करना।<br>• परियोजना बजट का निर्माण एवं उनका प्रबंधन करना, संसाधनों का इष्टतम उपयोग तथा लागत नियंत्रण को सुनिश्चित करना। |
| प्रबंधक (सिविल)<br>35 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा;<br>चवरा, केरल;<br>मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | | सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण और परियोजना प्रबंधन में 08 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव आवश्यक है, जो खनन, बुनियादी संरचना या भारी उद्योग क्षेत्र के संबंध में वांछित है। | |
| उप प्रबंधक (सिविल)<br>32 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | | सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण और परियोजना प्रबंधन में 05 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव आवश्यक है, जो खनन, बुनियादी संरचना या भारी उद्योग क्षेत्र के संबंध में वांछित है। | |

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

**तकनीकी:** **सारणी-2**

| **पद का नाम<br>आयु सीमा** | **निर्धारित न्यूनतम योग्यता** | **न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव<br>(वर्षों में)** | **कार्य विवरण:** |
|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक<br>(पर्यावरण, सामाजिक एवं सुशासन)<br>46 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | पर्यावरण इंजीनियरिंग/विज्ञान में बी.ई./ बी.टेक/एम.टेक/ एम.एससी या समकक्ष।<br><br>एम.एससी या इसके समकक्ष योग्यता के मामले में, बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए लागू योग्यता के बाद 1 वर्ष का अतिरिक्त अनुभव आवश्यक है। | पर्यावरण अनुपालन और स्थिरता में 16 वर्ष का अनुभव आवश्यक है।<br><br>उम्मीदवार को कम से कम पिछले दो वर्षों अर्थात आवेदन की अंतिम तिथि से पहले मुख्य भूमिका में समान स्तर की जिम्मेदारियों को निभाना आवश्यक है।<br><br>वांछित:<br>परामर्श अनुभव ईएसजी-स्थिरता एकीकरण और सलाहकार।<br>जीआरआई-2021 के अनुसार ईएसजी-स्थिरता रिपोर्ट लेखन अनुभव (न्यूनतम 3 वर्ष एसएएसबी और बीआरएसआर) | पदधारी सभी वैधानिक विनियमों, ईएसजी और निवारण उपायों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। नौकरी विवरण में निम्नलिखित कर्तव्य शामिल होंगे:<br>• आईआरईएल की जरूरतों के लिए ईएसजी संरचना को समझना, विकसित करना और हितधारकों के दृष्टिकोणों को एकीकृत करना।<br>• हितधारको को इकट्ठा करना और भौतिकता आकलन का संचालन करना।<br>• आईआरईएल (राष्ट्रीय और वैश्विक) के लिए विनियामक परिवर्तनों और उनके पहलों की निगरानी करना।<br>• स्थिरता पहलों का विकास और कार्यान्वयन करना।<br>• स्थिरता मेट्रिक्स की निगरानी करना और उन पर रिपोर्ट करना।<br>• ईएसजी प्रथाओं पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों का नेतृत्व करना।<br>• स्थिरता प्रयासों पर बाहरी/आंतरिक हितधारकों के साथ जुड़ना और फीडबैक प्रणाली स्थापित करना।<br>• संगठन के भीतर ईएसजी से संबंधित जोखिमों की पहचान करना और उनका आकलन करना।<br>• जोखिम निवारण रणनीतियों और योजनाओं का विकास करना।<br>• ईएसजी जोखिमों की निगरानी करना और वरिष्ठ प्रबंधन को निष्कर्षों की रिपोर्ट करना।<br>• ईएसजी कारकों को एकीकृत करने के लिए जोखिम प्रबंधन टीमों के साथ सहयोग करना।<br>• ईएसजी रिपोर्टिंग मानकों (जैसे, जीआरआई, एसएएसबी) के अनुपालन को सुनिश्चित करना।<br>• आंतरिक और बाहरी हितधारकों के लिए ईएसजी रिपोर्ट तैयार करना।<br>• डेटा सटीकता के लिए विभिन्न आंतरिक टीमों के साथ समन्वय करना।<br>• प्रासंगिक डेटा, डेटा प्रबंधन और रिपोर्टिंग एकत्र करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ सहयोग करना। |

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव<br>(वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक<br>(वाणिज्यिक/क्रय)<br>46 वर्ष<br>ऑसकॉम, ओडिशा | प्रासंगिक विषय में बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष।<br>या<br>विपणन में एम.एससी./एम.बी.ए. या पी.जी.डी.एम. या प्रासंगिक विषय में इसके समकक्ष<br><br>एम.एससी या इसके समकक्ष योग्यता के मामले में, बी.ई./बी.टेक. या इसके समकक्ष योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए लागू अनुभव से 1 वर्ष का अतिरिक्त योग्यता-पश्चात अनुभव आवश्यक है। | खरीद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, अनुबंध या वाणिज्यिक कार्यों में 16 वर्ष का अनुभव आवश्यक है, जो खनन, खनिज प्रसंस्करण या भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र के संबंध में वांछित है। | पदधारी को खरीद संचालन की देखरेख, सरकारी नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करना और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को अनुकूलित करना होगा। मुख्य जिम्मेदारियाँ इस प्रकार है:<br><br>• संगठनात्मक लक्ष्यों के अनुरूप खरीद नीतियों और रणनीतियों का विकास और कार्यान्वयन।<br>• सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर), सार्वजनिक खरीद नीति और जीईएम (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) आवश्यकताओं के अनुपालन में सभी खरीद गतिविधियों को सुनिश्चित करना।<br>• समय पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए सामग्री और सेवा आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाना।<br>• पारदर्शी चयन प्रक्रियाओं के माध्यम से विक्रेताओं की पहचान, मूल्यांकन और उन्हें शामिल करना।<br>• प्रतिस्पर्धा और उचित मूल्य निर्धारण को सुनिश्चित करते हुए दीर्घकालिक विक्रेता संबंध को बनाए रखना।<br>• विक्रेता के प्रदर्शन का आकलन करना और स्त्रोततीय रणनीतियों का अनुकूलन करना।<br>• निविदाओं का आमंत्रण, बोली मूल्यांकन, तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन और अंतिम अनुबंध विवरण की देखरेख करना,<br>• खरीद आदेशों और अनुबंधों का उचित निष्पादन और निगरानी को सुनिश्चित करना।<br>• क्रय लागतों को नियंत्रित करना और बजट में वृद्धि को रोकना, क्रय निर्णयों के लिए लागत-लाभ विश्लेषण करने के साथ-साथ लागत दक्षता में सुधार के लिए क्रय निर्णयों का अनुकूलन करना।<br>• इन्वेंट्री प्रबंधन के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय करना।<br>• लागत प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए अनुबंधों पर चर्चा करना।<br>• क्रय से संबंधित जोखिम की पहचान और निवारण करना जैसे मूल्य में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न व्यवधान का पता लगाना। विक्रेता विवादों को संभालना और अनुबंध प्रवर्तन में कानूनी अनुपालन को सुनिश्चित करना। |

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव<br>(वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| उप महाप्रबंधक (परियोजनाएँ)<br>46 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक/बी.एससी. इंजीनियरिंग या इसके समकक्ष | यांत्रिक, विद्युत, सिविल परियोजनाओं के प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में 16 वर्ष का अनुभव।<br><br>PMP/PRINCE2 प्रमाणन रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। | • परियोजना का निष्पादन करना, जिसमें स्थापना, परीक्षण, उपकरणों की कमीशनिंग, संरचनात्मक कार्य आदि शामिल हैं।<br>• परियोजना नियोजन, आकलन, बजट बनाना आदि।<br>• रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज़ों का प्रबंधन करना।<br>• नवीनतम उपयुक्त उपकरणों और सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके निगरानी और नियंत्रण करना।<br>• जोखिम निवारण करना।<br>• सुरक्षा और वैधानिक अनुपालन को सुनिश्चित करना।<br><br>उपरोक्त के अलावा, पदधारी को एमएस प्रोजेक्ट/प्रिमावेरा जैसे नवीनतम उपयुक्त टूल और सॉफ्टवेयर का उपयोग करके परियोजना निष्पादन, निगरानी और प्रबंधन पर नियंत्रण रखना चाहिए। इसमें, PMP/PRINCE2 प्रमाणन रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| मुख्य प्रबंधक (परियोजनाएँ)<br>42 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | | यांत्रिक, विद्युत, सिविल परियोजनाओं के प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में 13 वर्ष का अनुभव।<br><br>PMP/PRINCE2 प्रमाणन रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। | |
| मुख्य प्रबंधक (वाणिज्यिक/क्रय)<br>42 वर्ष<br>मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक/बी.एससी.इंजीनियरिंग या इसके समकक्ष | खरीद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, अनुबंध या वाणिज्यिक कार्यों में 13 वर्ष का अनुभव आवश्यक है, जो खनन, खनिज प्रसंस्करण या भारी | पदधारी को खरीद संचालन की देखरेख, सरकारी नीतियों के अनुपालन को सुनिश्चित करना और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को अनुकूलित करना होगा। मुख्य जिम्मेदारियाँ इस प्रकार हैं:<br><br>• संगठनात्मक लक्ष्यों के अनुरूप खरीद नीतियों और रणनीतियों का विकास और कार्यान्वयन। |

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव<br>(वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| | | इंजीनियरिंग क्षेत्र के संबंध में वांछित है। | • सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर), सार्वजनिक खरीद नीति और जीईएम (सरकारी ई-मार्केटप्लेस) आवश्यकताओं के अनुपालन में सभी खरीद गतिविधियों को सुनिश्चित करना।<br>• समय पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए सामग्री और सेवा आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाना।<br>• पारदर्शी चयन प्रक्रियाओं के माध्यम से विक्रेताओं की पहचान, मूल्यांकन और उन्हें शामिल करना।<br>• प्रतिस्पर्धा और उचित मूल्य निर्धारण को सुनिश्चित करते हुए दीर्घकालिक विक्रेता संबंध को बनाए रखना।<br>• विक्रेता के प्रदर्शन का आकलन करना और स्त्रोततीय रणनीतियों का अनुकूलन करना।<br>• निविदाओं का आमंत्रण, बोली मूल्यांकन, तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन और अंतिम अनुबंध विवरण की देखरेख करना,<br>• खरीद आदेशों और अनुबंधों का उचित निष्पादन और निगरानी को सुनिश्चित करना।<br>• क्रय लागतों को नियंत्रित करना और बजट में वृद्धि को रोकना, क्रय निर्णयों के लिए लागत-लाभ विश्लेषण करने के साथ-साथ लागत दक्षता में सुधार के लिए क्रय निर्णयों का अनुकूलन करना।<br>• इन्वेंट्री प्रबंधन के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय करना।<br>• लागत प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए अनुबंधों पर चर्चा करना।<br>• क्रय से संबंधित जोखिम की पहचान और निवारण करना जैसे मूल्य में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न व्यवधान का पता लगाना। विक्रेता विवादों को संभालना और अनुबंध प्रवर्तन में कानूनी अनुपालन को सुनिश्चित करना। |
| प्रबंधक (विद्युत)<br>35 वर्ष<br>2- ऑसकॉम, ओडिशा<br>1- चवरा, केरल | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक/ बी.एससी. इंजीनियरिंग या इसके समकक्ष | बड़े विनिर्माण प्रतिष्ठानों के विद्युत रखरखाव में 08 वर्ष का अनुभव | • संयंत्र का विद्युत रखरखाव करना, जिसमें अन्य उपयोगिताएँ भी शामिल हैं।<br>• मशीनरी, ट्रांसफार्मर और विभिन्न अन्य विद्युत प्रतिष्ठानों का निवारक और समस्या निवारण रखरखाव करना।<br>• सुरक्षा और वैधानिक अनुपालन को सुनिश्चित करना।<br>• ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों को लागू करना और उनका रखरखाव करना। |

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव<br>(वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (यांत्रिक)<br>35 वर्ष<br>चवरा, केरल | यांत्रिक में बी.ई./बी.टेक/ बी.एससी. इंजीनियरिंग या इसके समकक्ष | यांत्रिक इंजीनियरिंग और बड़े विनिर्माण स्थापना के रखरखाव में 08 वर्ष का अनुभव | • पदधारी परियोजना मशीनरी और उपकरणों की योजना, पर्यवेक्षण, रखरखाव और मरम्मत के लिए जिम्मेदार होगा।<br>• यांत्रिक प्रणालियों और उपकरणों से संबंधित वैधानिक और विनियामक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित करना।<br>• यांत्रिक प्रणालियों के लिए सुरक्षा लेखापरीक्षा और जोखिम का आकलन करना।<br>• रखरखाव कार्यक्रम, उपकरण निष्पादन और परियोजना प्रगति का विस्तृत रिकॉर्ड बनाए रखना। निष्पादन की जानकारी देने के लिए मशीनरी और उपकरणों से संबंधित डेटा का विश्लेषण करना।<br>• यांत्रिक संचालन और दक्षता में सुधार के लिए नई तकनीकों और प्रथाओं का पता लगाना और उन्हें अपनाना।<br>• संभावित जोखिम की पहचान करना और निवारक उपायों को लागू करना।<br>• रिपोर्टिंग तकनीशियन और श्रमिकों द्वारा किए गए कार्यों का पर्यवेक्षण करना। |
| उप प्रबंधक (खनिज)<br>32 वर्ष<br>मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | खनिज प्रसंस्करण/खनिज इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष | प्रासंगिक विषय में 05 वर्ष का अनुभव | 1. **प्रक्रिया विकास एवं अनुकूलन:**<br>○ खनिज संबंधी लाभकारी प्रक्रियाओं के अनुप्रयोग में प्लवन, चुंबकीय पृथक्करण, गुरुत्वाकर्षण पृथक्करण, तथा अन्य विधियाँ शामिल हैं, ताकि पुनर्प्राप्ति को अधिकतम किया जा सके तथा उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।<br>○ प्रदर्शन को बढ़ाने, ऊर्जा की खपत को कम करने तथा अपशिष्ट को न्यूनतम करने के लिए मौजूदा लाभकारी प्रक्रियाओं की निगरानी तथा समस्या का निवारण करना।<br>○ प्रक्रिया प्रवाह आरेख विकसित करना, परिपथों को व्यापक संतुलित करना तथा प्रक्रिया नियंत्रण को सुनिश्चित करना।<br>○ प््रणालियों में सुधार के तरीकों की पहचान करने के लिए स्टाल पर परीक्षण तथा अनुसंधान करना।<br>2. **परिचालन प्रबंधन**:<br>○ इष्टतम प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के लिए लाभकारी संयंत्र के दैनिक परिचालन की देखरेख करना। |

| पद का नाम<br>आयु सीमा | निर्धारित न्यूनतम योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता अनुभव (वर्षों में) | कार्य विवरण: |
|---|---|---|---|
| | | | ○ संसाधित खनिजों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए संयंत्र फ़ीड, प्रक्रिया प्रवाह और संचालन मापदंडों की निगरानी और नियंत्रण करना।<br>○ खनिज प्रसंस्करण उपकरणों के कुशल संचालन को सुनिश्चित करना और बहुमूल्य खनिजों की उच्च प्राप्त दर को सुनिश्चित करना।<br>○ प्रक्रिया की अक्षमताओं या दोषों के मूल कारणों की पहचान करना और सुधारात्मक कार्रवाई लागू करना।<br>○ सभी खनिज प्रसंस्करण गतिविधियो के सुरक्षा प्रोटोकॉल और पर्यावरण नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना।<br>○ लाभकारी प्रक्रिया में शामिल कनिष्ठ इंजीनियरों, ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों को तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना।<br><br>**3. डेटा विश्लेषण एवं रिपोर्टिंग:**<br>○ दक्षता, प्रदर्शन और उत्पाद की गुणवत्ता को ट्रैक करने के लिए प्रक्रिया डेटा को करना और उसका विश्लेषण सुनिश्चित करना।<br>○ सुधार प्रक्रिया के लिए लाभकारी विवरणों के परिणामों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना। |

आईआरईएल (इं

**रिक्ति एवं आरक्षण:**

**सारणी-3**

| पदनाम, ग्रेड | यूआर | एससी | एसटी | ओबीसी (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | कुल | पीडब्ल्यूबीडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महाप्रबंधक (ई–7) | 1 | - | - | - | - | 1 | भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार क्षैतिज आरक्षण |
| उप महाप्रबंधक (ई–6) | 4 | 1 | - | 1 | - | 6 | |
| मुख्य प्रबंधक (ई–5) | 3 | - | - | 2 | - | 5 | |
| वरिष्ठ प्रबंधक (ई–4) | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| प्रबंधक (ई–3) | 3 | 1 | - | 2 | 1 | 7 | |
| उप प्रबंधक (ई–2) | 3 | 1 | - | - | - | 4 | |
| सहायक प्रबंधक (ई–1) | 2 | - | - | - | 1 | 3 | |

(a) यदि कोर्स से संबंधित कार्यात्मक क्षेत्रों में दो रूपों में विशेषज्ञता अर्थात एक प्रमुख विषय एवं एक मामूली विषय में उपलब्ध होती है, तो ऐसी स्थिति में आवेदक का चयन उसकी प्रमुख विशेषज्ञता के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, अगर ऐसा कोई अंतर नहीं है, तो दस्तावेजी साक्ष्य के अधीन किसी भी विषय में आवेदक पर विचार किया जा सकता है। इस संबंध में, आवेदक को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, जिसके माध्यम से विशेषज्ञता के प्रमुख एवं छोटे क्षेत्र या दोनों विषयों के समकक्ष महत्त्व (वेटेज), जो भी लागू हो, उसे प्रस्तुत किया जाता है।

(b) उपरोक्त में उल्लिखित, कोर्स पूर्णकालिक/नियमित रूप में होने चाहिए और राज्य/केंद्र सरकार/यूजीसी/एआईसीटीई (जो भी लागू हो) द्वारा मान्यता प्राप्त होने चाहिए।

(c) गैर–तकनीकी पदों के लिए, संसद या राज्य विधानमंडल के एक अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों, यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत विश्वविद्यालय के रूप में निर्धारित संस्थानों और संसद के अधिनियम के तहत घोषित राष्ट्रीय महत्त्ववाले संस्थानों द्वारा ऑनलाइन/दूरस्थ शिक्षण कोर्स के माध्यम से प्रदान की गई योग्यता, बशर्ते कि उन्हें हो, पर भी विचार किया जाएगा।

(d) उपरोक्त सभी योग्यताएँ यूआर/ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के संबंध में "प्रथम श्रेणी" (कुल 60% अंक) और एससी/एसटी के उम्मीदवारों के संबंध में कुल 55% अंकों के साथ होने चाहिए। **योग्य सीए/सीएमए के संबंध में 60%/55% अंकों की आवश्यकता लागू नहीं होगी।**

(e) किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता या अन्यथा के बारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(f) उपरोक्त पद के लिए, उपर्युक्त उम्मीदवारों के पास अच्छा संचार एवं कौशल व्यवहार होना आवश्यक है।

(g) स्वचालित वातावरण में काम करने की क्षमता एवं कार्यालय स्वचालन उपकरणों में कुशलता का होना आवश्यक है।

**नोट: यह ध्यान दिया जा सकता है कि उपरोक्त सभी पदों के संबंध में, जिन भागों/क्षेत्रों में अनुभव की मांग की गई है, उन्हें इसमें शामिल किया गया है, परंतु यह स्थिति उपरोक्त तालिकाओं में सूचीबद्ध लोगों तक सीमित नहीं होगी।**

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

**1.2 उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड:**

(i) पद के लिए आवेदन करने वाले सरकारी/पीएसयू में कार्यरत उम्मीदवारों के पास **10.04.2025 तक** के पीएसयू/सरकार के आईडीए/सीडीए वेतनमान के समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव **(योग्यता के बाद कुल अनुभव में से)** होना आवश्यक है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है।

| आवेदित पद का नाम एवं ग्रेड | अपेक्षित तत्काल निम्न वेतनमान | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक (ई-7) | 90000-240000/- [आईडीए] | स्तर 13 [सीडीए-7वीं सीपीसी] |
| उप महाप्रबंधक (ई-6) | 80000-220000/- [आईडीए] | स्तर 12 [सीडीए-7वीं सीपीसी] |
| मुख्य प्रबंधक (ई-5) | 70000-200000/- [आईडीए] | स्तर 11 [सीडीए-7वीं सीपीसी] |
| वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) | 60000-180000/- [आईडीए] | स्तर 11 [सीडीए-7वीं सीपीसी] |
| प्रबंधक (ई-3) | 50000-160000/- [आईडीए] | स्तर 10 [सीडीए-7वीं सीपीसी] |
| उप प्रबंधक (ई-2) | 40000-140000/- [आईडीए] | स्तर 10 [सीडीए-7वीं सीपीसी] |
| सहायक प्रबंधक (ई-1) | लागू नहीं | |

**नोट:** उम्मीदवार को तत्काल निम्न वेतनमान और नवीनतम वेतनमान के संबंध में न्यूनतम 2 वर्ष की निवास अवधि के समर्थन हेतु दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।

(ii) उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करनेवाले निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को वार्षिक सीटीसी संबंधित पदों के विवरण को नीचे दी गई सारणी के अनुरूप पूर्ण करना आवश्यक है:

| आवेदित पद का नाम एवं ग्रेड | पिछले 2 वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष न्यूनतम सीटीसी लाख रुपये में होने चाहिए |
|---|---|
| महाप्रबंधक (ई-7) | 29.04 |
| उप महाप्रबंधक (ई-6) | 25.81 |
| मुख्य प्रबंधक (ई-5) | 22.59 |
| वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) | 19.36 |
| प्रबंधक (ई-3) | 16.13 |
| उप प्रबंधक (ई-2) | 12.90 |
| सहायक प्रबंधक (ई-1) | लागू नहीं |

**नोट:** उम्मीदवार को पिछले 2 वित्तीय वर्षों (2022-23 और 2023-24) के प्रस्ताव पत्र, नवीनतम वेतनमान और फॉर्म-16 को जमा करना होगा। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**1.3 वेतन एवं भत्ते:**

मूल वेतन वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर होगा, तथापि, प्राधिकारी के विवेक पर लागू मानदंडों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति उच्च प्रारंभिक वेतन के अनुरूप विचार के अधीन होगी।

राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से चयनित उम्मीदवार लागू नियमों के अनुरूप वेतन संरक्षण हेतु पात्र होंगे।

केवल डीपीई के तहत सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के उम्मीदवार ही आईआरईएल में हस्तांतरण किए जानेवाले सेवा लाभ हेतु पात्र होंगे, बशर्ते कि संबंधित नियमों के अधीन वर्तमान नियोक्ता से लिखित सहमति और निधियों का हस्तांतरण किया गया हो।

मूल वेतन के अलावा महंगाई भत्ता, एचआरए/कंपनी आवास, भत्ते व सुविधाएं, वार्षिक वेतन वृद्धि, अवकाश नकदीकरण जैसे लाभ, स्वयं व आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, ऋण व अग्रिम, पीएफ, ग्रेच्युटी, प्रदर्शन संबंधित वेतन (पीआरपी), सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा योजना (पीआरएमएस), वर्दी (यूनिफ़ॉर्म) आदि कंपनी के नियमों के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे।

**2.0 तैनाती का स्थान:**

सारणी-1 में दर्शाए अनुसार प्रारंभिक तैनाती स्थान निर्धारित होगा। हालाँकि, पदधारियों को कंपनी की किसी भी इकाई/कार्यालय/प्रतिष्ठान में पदस्थापित/स्थानांतरित किया जा सकता है।

**3.0 आयु में छूट:**

विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु में छूट निम्नानुसार है:

| श्रेणी | | आयु में छूट (वर्षों में) | |
|---|---|---|---|
| यूआर/ईडब्ल्यूएस | | शून्य | |
| ओबीसी (एनसीएल) | | 3 | |
| एससी | | 5 | |
| i | पीडब्ल्यूबीडी | यूआर/ईडब्ल्यूएस | 10 |
| ii | पीडब्ल्यूबीडी | ओबीसी (एनसीएल) | 10+3 |
| iii | पीडब्ल्यूबीडी | एससी | 10+5 |
| भूतपूर्व सैनिक | | लागू नियमों के अधीन प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से नियुक्ति के लिए ईसीओ/एसएससीओ सहित भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन अधिकारियों के मामले में सैन्य सेवा की अवधि में 3 वर्ष की वृद्धि की गई है। | |
| केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी/पीएसयू/सरकार स्वायत्त संगठन | | सभी श्रेणियाँ | 5 |
| 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर का अधिवास प्रमाण | | यूआर/ईडब्ल्यूएस | 5 |
| | | ओबीसी (एनसीएल) | 5+3 |
| | | एससी | 5+5 |
| विभागीय (आंतरिक) उम्मीदवार | | 10 | |

किसी भी मामले में, आवेदक की ऊपरी आयु (सभी छूट सहित) 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**4.0 आरक्षण:**

(a) आरक्षण एवं रियायतों के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश/दिशा-निर्देश लागू किए जाएंगे।

(b) आरक्षण लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित जाति/विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(c) विज्ञापित विषयों में एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल श्रेणी के तहत कोई रिक्ति न होने की स्थिति में, सामान्य श्रेणी के पद/रिक्ति के लिए, एससी/एसटी/ओबीसी-एनसीएल बैठक के सभी

सामान्य पात्रता वाले उम्मीदवार, आवेदन कर सकते हैं, परंतु इसमें आरक्षित श्रेणियों के लिए अन्यथा लागू आयु और अंकों के प्रतिशत में उनकी परिणामी छूट के संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**5.0 सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से उम्मीदवारों के आवेदन अग्रेषित करना**

(a) राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय पीएसयू आदि में कार्यरत व्यक्तियों को ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा और उचित माध्यम से सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ आवेदन के प्रिंट आउट को यहाँ पर अग्रेषित करना होगा;

***मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.प्र.),***
***आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड,***
***प्लॉट नंबर 1207, ईसीआईएल बिल्डिंग, वीर सावरकर मार्ग,***
***सिद्धिविनायक मंदिर के पास,***
***प्रभादेवी, मुंबई-400028***

(b) राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में काम करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन, जो प्रारंभिक रूप से उचित माध्यम से प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, वे अग्रिम प्रतियों के आधार पर संसाधित किए जा सकते हैं, लेकिन उम्मीदवार को, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उसे अपने वर्तमान नियोक्ता से एक 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' जमा करना होगा, जिसमें यह भी लिखा होना चाहिए कि आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड में उसकी नियुक्ति के लिए उसके चयन की स्थिति में उसे कार्यमुक्त किया गया है।

(c) डीपीई के तहत सूचीबद्ध सीपीएसई के अलावा अन्य उम्मीदवार केवल तत्काल स्थिति के रूप में विचार के अधीन होंगे और वे सेवा लाभों के हस्तांतरण के हकदार नहीं होंगे।

(d) चयन की स्थिति में, ऐसे सभी उम्मीदवारों को आईआरईएल में शामिल होने की अनुमति, केवल, उनके पिछले नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति के आदेशों को प्रस्तुत करने के पश्चात ही दी जाएगी।

(e) विभागीय (आंतरिक) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा और आवेदन की हार्ड कॉपी उचित माध्यम से अग्रेषित करनी होगी।

**6.0 चयन का तरीका:**

a) ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय, उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी/घोषणाओं के आधार पर, उन्हें लघु-सूचीबद्ध किया जाएगा। यदि व्यक्तिगत साक्षात्कार से पहले/दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान कोई गलत घोषणा पाई जाती है, तो उम्मीदवार को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें कोई टीए/डीए प्रदान नहीं किया जाएगा।

b) उम्मीदवारों को सारणी-2 में उल्लिखित मानदंडों के तहत लघु-सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके अलावा, खनन, धातुकर्म, रसायन, बिजली, विनिर्माण/उत्पादन क्षेत्रों से संबंधित अनुभव का होना लाभप्रद होगा। प्रबंधन के पास सूचीबद्ध विवरण हेतु उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए योग्यता अंकों, वर्षों के अनुभव आदि के संबंध में न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।

c) उम्मीदवार का मूल्यांकन व्यक्तिगत साक्षात्कार/मनोवैज्ञानिक परीक्षण/समूह अभ्यास या अन्य संयोजन के आधार पर किया जाएगा। यदि चयनित उम्मीदवारों की संख्या अधिक होती है, तो

आईआरईएल के पास आवश्यकतानुसार, कई स्तरों के साक्षात्कार को आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है।

d) व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रदर्शन, संगठनात्मक आवश्यकता, संचालित रिक्तियों एवं उपयुक्तता के तहत उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएंगी।

e) विज्ञापित विनिर्देशों को पूरा करने के बावजूद, उम्मीदवार को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

**नोट**: आवश्यकतानुसार, कंपनी के पास लिखित परीक्षा या कोई अन्य परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है।

**7.0 पूर्व-रोजगार चिकित्सा परीक्षा:**

सेवाओं में शामिल होने से पहले, चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और चिकित्सा अधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**8.0 चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन:**

चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, संबंधित अधिकारियों के माध्यम से 'चरित्र एवं पूर्ववृत्त' और 'विशेष सत्यापन' तथा कंपनी के नियमों के अनुसार अनुभव सत्यापन आदि के अधीन है।

**9.0 चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची:**

उचित प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी और यह एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी। तथापि, इस संबंध में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

**10.0 आवेदन शुल्क:**

ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय उम्मीदवारों को **₹** 500/- (केवल पाँच सौ रुपये) (जीएसटी सहित) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क के भुगतान से पहले अपनी पात्रता की जाँच अवश्य कर लें।

**नोट**: एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम श्रेणी के उम्मीदवारों, महिलाओं और आंतरिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है।

**11.0 आवेदन कैसे करें:**

**A. ऑनलाइन आवेदनों को भरने के लिए उम्मीदवारों द्वारा अनुसरण की जाने वाली, क्रम-वार कार्रवाईयाँ निम्नानुसार हैं:**

(a) आईआरईएल की वेबसाइट के करियर अनुभाग में जाएँ और ऑनलाइन आवेदन के बटन पर क्लिक करें।
(b) महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ें और (√) 'मैं सहमत हूँ (आई एग्री)' बटन पर क्लिक करें।
(c) आवश्यक विवरण *(पद के लिए आवेदन, नाम, मूल श्रेणी, श्रेणी के लिए आवेदन, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी, मोबाइल और ई-मेल आईडी में पंजीकरण करें और सबमिट बटन पर क्लिक करें)।*
(d) अपने ई-मेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त आवेदन अनुक्रम संख्या, यूजर आईडी और पासवर्ड की जाँच

अवश्य करें।

(e) ई-मेल के माध्यम से प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करके अपने अकाउंट में फिर से लॉगिन करें।
(f) आवेदन फार्म भरें और फोटो, हस्ताक्षर और प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करें।
(g) आवेदन पत्र के पूर्वावलोकन की जाँच एवं सुधार, यदि कोई हो, आदि करें ।
(h) सबमिट बटन पर क्लिक करें।
(i) भविष्य के संदर्भ के लिए अपने आवेदन फार्म का प्रिंटआउट निकालें।

**नोट**: - भरे हुए आवेदन पत्र की **हार्ड कॉपी** आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के पास न भेजें।

**B. आवेदन भरने के लिए सामान्य निर्देश:**

a) उम्मीदवार विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता एवं पात्रता मानदंड के अनुसार केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करेंगे।
b) ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/जानकारी को अपने पास तैयार रखें:
   (i) ई-मेल आईडी (कम से कम एक वर्ष के लिए वैध हो)।
   (ii) मोबाइल नंबर (कम से कम एक वर्ष के लिए वैध हो)।
   (iii) व्यक्तिगत एवं शैक्षिक योग्यता का विवरण।
   (iv) हाल ही की फोटोग्राफ की स्कैन प्रति (jpg/jpeg प्रारूप में 3 माह से अधिक पुरानी न हों) एवं साइज (20kb-50kb) में उपलब्ध हों।
   (v) ब्लैक इंक पेन के साथ हस्ताक्षर की स्कैन प्रति (jpg/jpeg प्रारूप में) तथा साइज (10 kb-20kb) में उपलब्ध हों।
   (vi) निम्नानुसार दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां (पीडीएफ प्रारूप में) इस प्रकार है:
   - जन्म तिथि का दस्तावेजी प्रमाण (मैट्रिक/10वीं/12वीं/एचएससी प्रमाण पत्र)।
   - **योग्यता पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अंक सूची**।
   - अनुभव के समर्थन में अनुभव प्रमाण पत्र / दस्तावेज।
   - दिव्यांग उम्मीदवारों के मामले में निर्धारित प्रारूप में पीडब्ल्यूडी प्रमाण पत्र।
   - भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवा प्रमाण पत्र।
   - **नौकरी के विवरणों के विस्तारपूर्वक उल्लेख सहित नवीनतम बायोडेटा (सीवी) पीडीएफ ।**

**12.0 सामान्य शर्तें एवं निर्देश:**

(a) केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है। केवल आवेदन जमा करने से, उन्हें स्क्रीनिंग या नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

(b) शैक्षिक योग्यता, आयु और अनुभव के लिए पात्रता की गणना के संबंध में निर्धारित अंतिम तिथि **10 अप्रैल 2025 (ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि)** होगी।

(c) ऐच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के तहत आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड सहित सरकार/पीएसयू से सेवानिवृत्त व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

(d) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि आवेदन करते समय वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी मामलों में सही से भरे गए हों। हर स्तर पर उनकी उम्मीदवारी पूर्ण रूप में अस्थायी होगी। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या इस विज्ञापन की अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं करता है और/या उसने कोई त्रुटि या गलत जानकारी दी है या किसी

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड

तथ्य को छिपाया है, तो उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द होने के लिए उत्तरदायी होगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है/होती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जाएंगी।

(e) लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार आदि के संबंध में सूचना केवल ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

(f) परीक्षा (यदि कोई हो) और/या साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को विनियमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन के पास न्यूनतम पात्रता मानकों/मापदंडों को बढ़ाने का अधिकार है। हालांकि, उम्मीदवार के अधिसूचित योग्यता से कम योग्यता या कम वर्षों के अनुभव को ध्यान में न रखते हुए, प्रबंधन के पास साक्षात्कार में उनके निष्पादन और उम्मीदवार की इच्छा के रूप में, उन्हें किसी भी निम्न पद में भर्ती करने का अधिकार सुरक्षित है।

(g) केवल निर्दिष्ट योग्यता और अनुभव को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु हकदार नहीं होगा। केवल लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता के आधार पर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार आयोजित किए जा सकते है। सूचीबद्ध उम्मीदवारों को परीक्षा/साक्षात्कार (जैसा भी मामला हो) का तरीका अलग से सूचित किया जाएगा।

(h) मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन केवल साक्षात्कार/कार्यग्रहण के समय (जैसा भी मामला हो) किया जाएगा। ऑनलाइन साक्षात्कार के मामले में, चयनित उम्मीदवारों के शामिल होने से पहले मूल दस्तावेजों का सत्यापन बाद में किया जाएगा। यदि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी किसी भी स्थिति में रद्द कर दी जाएगी।

(i) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों (प्रत्यक्ष साक्षात्कार के मामले में) को कंपनी के नियमों के अनुसार, टिकट प्रस्तुत करने पर, उम्मीदवार द्वारा दिए गए पत्राचार पते के निकटतम रेलवे स्टेशन से साक्षात्कार स्थल तक आने-जाने का रेल किराया मूल रूप में, ई-1 से ई-5 ग्रेड के पदों के लिए III-श्रेणी एसी का रेल किराया, तथा ई-6 एवं ई-7 ग्रेड के पदों के लिए II-श्रेणी एसी का रेल किराया के रूप में प्रतिपूर्ति की जाएगी। अन्य साधनों से यात्रा करने वाले उम्मीदवारों को III-श्रेणी एसी/II-श्रेणी एसी रेल किराया तक सीमित व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(j) आवश्यकताओं के आधार पर, कंपनी के पास बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। आईआरईएल के पास विज्ञापन/भर्ती प्रक्रिया और/या चयन प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार, बिना कोई नोटिस जारी किए, सुरक्षित है।

(k) उपरोक्त सभी शर्तें योग्यता, अनुभव, आयु सीमा आदि आईआरईएल के आंतरिक उम्मीदवारों पर भी लागू होते हैं।

(l) योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन करें। आवेदक द्वारा उठाए गए प्रश्नों और उनके उत्तर न मिलने के कारण आवेदन जमा करने में होने वाली किसी भी देरी के लिए आईआरईएल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

(m) चयनित न किए गए उम्मीदवारों के अभिलेख साक्षात्कार की तिथि या पद के लिए अगले विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि, जो भी पहले हो, से 01 वर्ष से अधिक समय तक संरक्षित नहीं किए जाएंगे।

(n) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के नियमों के अनुसार चिकित्सा योग्यता, संबंधित प्राधिकारियों से चरित्र एवं पूर्ववृत्त (सी एंड ए) का सत्यापन, अनुभव सत्यापन आदि के अधीन होगी।

(o) डाक पता/ईमेल आईडी/श्रेणी/पद और अन्य घोषित जानकारी में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(p) इस विज्ञापन के प्रतिकूल भर्ती से संबंधित किसी भी विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही की जा सकती है। केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/ मंचों (फोरम)/ न्यायाधिकरणों के पास ऐसे किसी भी मामले/विवाद पर सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार उपलब्ध होगा।

(q) उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में किसी भी टाइपोग्राफिकल त्रुटि या चूक/स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र/ अनुपूरक को केवल कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट http://www.irel.co.in पर ही उपलब्ध किया जाएगा। तत्पश्चात, आगे कोई प्रेस सूचना नहीं दी जाएगी। इसलिए, संभावित आवेदकों को उपरोक्त उद्देश्य के लिए नियमित आधार पर आईआरईएल की वेबसाइट http://www.irel.co.in को देखने की सलाह दी जाती है।

(r) अधूरे आवेदन खारिज कर दिए जाएंगे एवं आगे इसपर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(s) उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी पत्राचार/घोषणाएँ केवल ई-मेल/कंपनी की वेबसाइट पर नोटिस के माध्यम से ही किए जाएंगे। उम्मीदवारों को अपडेट रहने हेतु नियमित रूप से अपना ईमेल/आईआरईएल की वेबसाइट को देखने की सलाह दी जाती है।

(t) उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य / गलत ईमेल आईडी या किसी अन्य कारण से भेजे गए, ईमेल के किसी भी हानि के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगा। उम्मीदवार के ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष के लिए वैध होने चाहिए।

(u) उम्मीदवारों को किसी भी समस्या की स्थिति में, वे कंपनी की ईमेल आईडी: hrmrect-ho@irel.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

(v) समस्याओं का समाधान: समस्या के समाधान एवं विचार-विमर्श के संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और चयन एजेंसी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(w) अंग्रेजी या हिंदी संस्करण में व्याख्या के दौरान उत्पन्न होनेवाले किसी भी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को अंतिम माना जाएगा।

(x) आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किए गए किसी भी पक्ष-प्रचार के संबंध में, उसकी उम्मीदवारी को खारिज कर दिया जाएगा।

'यदि कोई मुद्रण त्रुटियाँ होती है, तो उसके लिए आईआरईएल जिम्मेदार नहीं होगा।'

आवेदन करने के लिए यहाँ क्लिक करें: https://jobapply.in/IREL/2025/Executive/

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड